# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 29.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 29.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी सरैंया श्री श्यामदेव सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 01 अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर को 10 किलो अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 29.09.2024 को दिन में लगभग 11:00 बजे थानाध्यक्ष चौकी प्रभारी सरैंया तथा उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुस्लिमपुर रोड़ बहद ग्राम सरैंया के पास अभियुक्त मुकेश कुमार वर्मा पुत्र योगेश वर्मा निवासी बहादुरपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया । जामा तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक ट्राली बैम में 10 किलो गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त से कड़ाई से पूंछताछ की गयी तो बताया कि मैं यह गांजा सतना म0प्र0 से लाया हूं तथा कानपुर ले जा रहा हूं,कुछ देर पहले ही मानिकपुर रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा बुक करके आया हूं, बस का इंतजार कर रहा था । बरामदशुदा गांजे की कीमत लगभग 02 लाख 50 हजार रुपये करीब है। तथा बरामदशुदा गांजा के सम्बन्ध में थाना मानिकपुर में अभियुक्त मुकेश कुमार वर्मा उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 176/2024 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

मुकेश कुमार वर्मा पुत्र योगेश वर्मा उम्र करीब 34 वर्ष निवासी बहादुरपुर थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात

**बरामदगीः-**

10 किलो गांजा (कीमत लगभग 02 लाख 50 हजार रुपये)

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी सरैंया श्री श्यामदेव सिंह

2.आरक्षी विनोद यादव

3.आरक्षी राजमंगल बिंद

**4.** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने वारण्टी अभियुक्तो के गिरफ्तार किया।

**(i). उ0नि0 श्री सुरेन्द्र कुमार थाना राजापुर** व उनके हमराही आरक्षी संजय सिंह यादव द्वारा मु0न0 1395/19 धारा 60 आबकारी अधि0 अ0स0 158/19 थाना राजापुर जनपद चित्रकूट के वारंटी अभियुक्त हनुमान दीन पुत्र माताबदल नि0 मोहल्ला सोनरहटी कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(ii). उ0नि0 श्री अंकित सिंह थाना राजापुर** व उनके हमराही आरक्षी प्रकाश मिश्रा मु0न0 3311/21 धारा 147/148/149/342/323/504/506 भादवि0 अ0स0 133/21 थाना राजापुर जनपद चित्रकूट के वारंटी अभियुक्त शत्रुधन निषाद पुत्र रामसजीवन निषाद नि0 ग्रा0 सगवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(iii). उ0नि0 श्री रविन्द्र कटियार व उ0नि0 श्री रामअधार सिंह थाना मानिकपुर** द्वारा मु0नि0 67/20 धारा 323,504,506,427 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त बेलंदा पुत्र बौरा निवासी हेला थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।